# दक्षता आधारित कार्य-पत्रक

**विषय: हिन्दी** **कक्षा : नवीं**

| | |
|---|---|
| **पाठ/प्रकरण का नाम :** ग्राम श्री | **समयावधि :** 40 मिनट |
| **विद्यार्थी का नाम :** ------------------------------------- | **पूर्णांक :** |
| **अनुक्रमांक (रोल नं.) :** .............. | **दिनांक :** ....../....../......... |

**निर्देश:-** 1. सभी प्रश्न अनिवार्य है | 2. कार्य-पत्रक में दिए गए स्थान पर ही उत्तर लिखें |
3. लेखन कार्य की स्पष्टता एवं शुद्धता का विशेष ध्यान रखें |

| | | |
|---|---|---|
| | **(काव्यांश आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| | **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-** | 5 |
| | हँसमुख हरियाली हिम· आतप<br>सुख से अलसाए· से सोये·<br>भीगी अँधियाली में निशि<br>तारक स्वप्नों में· से खोये·<br>मरकत डिब्बे-सा खुला ग्राम<br>जिस पर नीलम नभ आच्छादन·<br>निरुपम हिमांत में स्निग्ध शांत<br>निज शोभा से हरता जन मन· | |
| 1. | कविता और कवि का सही विकल्प चुनकर लिखिए। | 1 |
| | (क) कैदी और कोकिला - माखनलाल चतुर्वेदी | |
| | (ख) चन्द्र गहना से लौटती बेर - केदारनाथ अग्रवाल | |
| | (ग) मेघ आए - सर्वेश्वर दयाल सक्सेना | |
| | (घ) ग्राम श्री - सुमित्रानंदन पन्त | |
| | | |
| 2. | हँसमुख हरियाली किसके साथ सुखपूर्वक सोई हुई है ? | 1 |
| | (क) गर्मी की धूप के साथ | |
| | (ख) सर्दी की धूप के साथ | |
| | (ग) वर्षा की धूप के साथ | |
| | (घ) सावन की धूप के साथ | |
| | | |
| 3. | गाँव की तुलना किसके साथ की गई है ? | 1 |
| | (क) चाँदी के डिब्बे से | |
| | (ख) सोने के डिब्बे से | |

eGyanarchive

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) मरकत के डिब्बे से | |
| | (घ) लोहे के डिब्बे से | |
| | | |
| 4. | **गाँव की कौन-सी शोभा जन-मन को हर लेती है ? कथनों के आधार पर उचित विकल्प चुनिए –**<br>**कथन-**<br>(i) हँसमुख हरियाली<br>(ii) ठंडी भीगी राते और सुनहली फसलें<br>(iii) शांत वातावरण और नीला आकाश | 1 |
| | **विकल्प -**<br>(क) कथन(i) सही है । | |
| | (ख) कथन(i) और(iii) सही है । | |
| | (ग) कथन (ii), और(iii) सहीनहीं है । | |
| | (घ) कथन(i), (ii) और (iii) सही है । | |
| | | |
| 5. | 'मरकत डिब्बे-सा खुला ग्राम' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ? | 1 |
| | (क) अनुप्रास अलंकार | |
| | (ख) रूपक अलंकार | |
| | (ग) उपमा अलंकार | |
| | (घ) मानवीकरण अलंकार | |
| | | |
| | **( पाठ आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न)** | |
| 6. | **कथन –**कवि ने गाँव को मरकत का डिब्बा-सा' माना है ।<br>**कारण –**सारा गाँव हरी-भरीवनस्पतियों से भरा हुआ है।हरियाली तो उसके कण-कण में सिमटी हुई है।<br>(क) कथन सत्य है एवं कारण उसकी सही व्याख्या करता है ।<br>(ख) कथन असत्य है एवं कारण उसकी सही व्याख्या करता है ।<br>(ग) कथन सत्य है एवं कारण उसकी सही व्याख्या नहीं करता है ।<br>(घ) कथन एवं कारण दोनों असत्य है | 1 |
| | | |
| 7. | **सुबह सूर्य की किरणें किसके समान लगती हैं?** | 1 |
| | (क) सोने की जाली के समान | |
| | (ख)चाँदी की जाली के समान | |
| | (ग)हीरे की कनी सी | |
| | (घ)रेशम की तार जैसी | |
| 8. | **वसंत के आगमन पर किस पेड़ के पत्ते झड़ जाते हैं?** | 1 |
| | (क) आम (ख) अमरुद | |
| | (ग) चीड़ (घ) पीपल | |
| 9. | **गंगा नदी की लहरों से रेत पर बने निशान कैसे है -** | |
| | (क) सरिये जैसे (ख) साँपों जैसे | |
| | (ग) पहिए जैसे (घ) लता जैसे | |

egyanarchive

| | | |
|---|---|---|
| **10.** | **'निर्मल नीर फलक' पंक्ति में कौन-सा अलंकार है ?** | |
| | (क) पुनरुक्तिप्रकाश अलंकार (ख) उपमा अलंकार | |
| | (ग) उत्प्रेक्षा अलंकार (घ) अनुप्रास अलंकार | |
| | **(वर्णनात्मक प्रश्न)** | |
| **11.** | कवि ने गाँव को 'मरकत डिब्बे-सा खुला' क्यों कहा है? | 2 |
| | उत्तर:- ---------------------------------------- | |
| **12.** | अरहर और सनई के खेत कवि को कैसे दिखाई देते हैं? | 2 |
| | उत्तर:- ---------------------------------------- | |
| **13.** | धरती रोमांचित-सी क्यों लगती है? यह रोमांच किस तरह प्रकट हो रहा है? | 2 |
| | उत्तर:- ---------------------------------------- | |
| **14.** | खेतों में खड़ी मटर के सौंदर्य का वर्णन 'ग्राम श्री' कविता के आधार पर कीजिए। | 2 |
| | उत्तर:- ---------------------------------------- | |
| **15.** | कवि द्वारा हरियाली और तारों का किस तरह मानवीकरण किया गया है? 'ग्राम श्री' कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | उत्तर:- ---------------------------------------- | |

egyanarchive

# उत्तरमाला

| प्रश्न | दक्षता/उद्देश्य | उत्तर | |
|---|---|---|---|
| | | (गद्यांश/काव्यांश आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 1. | स्मरण | उत्तर:-(घ) ग्राम श्री - सुमित्रानंदन पन्त | 1 |
| 2. | बोधात्मक | उत्तर:- (ख) सर्दी की धूप के साथ | 1 |
| 3. | ज्ञानात्मक | उत्तर:- (ग) मरकत के डिब्बे से | 1 |
| 4. | विश्लेषण | उत्तर:- (घ) कथन(i), (ii) और (iii) सही है। | 1 |
| 5. | भाषा बोध | उत्तर:- (ग) उपमा अलंकार | 1 |
| | | (पाठ आधारित बहुविकल्पीय प्रश्न) | |
| 6. | विश्लेषण | उत्तर:- (क) कथन सत्य है एवं कारण उसकी सही व्याख्या करता है। | 1 |
| 7. | ज्ञानात्मक | उत्तर:- (ख)चाँदीकीजालीकेसमान | 1 |
| 8. | स्मरण | उत्तर:- (घ) पीपल | 1 |
| 9. | स्मरण | उत्तर:- (ख) साँपोंजैसे | 1 |
| 10. | भाषा बोध | उत्तर:- (घ) अनुप्रास अलंकार | 1 |
| | | (वर्णनात्मक प्रश्न) | |
| 11. | समझना | उत्तर:-गाँव में चारों ओर मखमली हरियाली और रंगों की लाली छाई हुई है। विविध फसलें लहलहा रही हैं। वातावरण मनमोहक सुगंधों से भरपूर है। रंगीन तितलियाँ उड़ रही हैं। चारों ओर रेशमी सौंदर्य छाया हुआ है। सूरज की मीठी-मीठी धूप इस सौंदर्य को और जगमगा रही है। इसलिए इस गाँव की तुलना मरकत डिब्बे से की गई है। | 2 |
| 12. | विषय-वस्तु बोध | उत्तर:- अरहर और सनई फलीदार फ़सलें हैं। इनकी फ़सलें पकने पर, जब हवा चलती है तो इनमें से मधुर आवाज़ आती है। यह मधुर आवाज़ किसी स्त्री की कमर में बँधी करधनी से आती हुई प्रतीत होती है। इन्हीं मधुर आवाजों के कारण कवि को अरहर और सनई के खेत धरती की करधनी जैसे दिखाई देते हैं। | 2 |
| 13. | विषय-वस्तु बोध | उत्तर:-धरती रोमांचित-सी इसलिए लग रही है क्योंकि गेहूँ और जौ में बालियाँ आ गई हैं। जिस तरह रोमांचित होने पर हमारे शरीर के रोएँ खड़े हो जाते हैं, उसी प्रकार गेहूँ जौ की बालियों में दानों पर लगे नुकीले भाग को देखकर लगता है कि ये धरती के रोम हैं जिनसे उसका रोमांच प्रकट हो रहा है। | 2 |
| 14. | समझना | उत्तर:-खेतों में मटर की फ़सल खड़ी है। उस पर रंग-बिरंगे फूल और फलियाँ आ चुकी हैं। इन फूलों को देखकर लगता है कि मटर सखियों के संग हँस रही है। वह अपनी मखमली पेटियों जैसे छीमियों में बीजों की लड़ी छिपा रखी है। | 2 |
| 15. | अनुप्रयोग | उत्तर:-हरियाली पर सरदियों की धूप पड़ने से लग रहा है कि हरियाली हँस रही है जो धूप के साथ मिलकर सुखपूर्वक अलसाई सी सो रही है। शाम के समय ओस पड़ने से रात भीगी-सी लग रही है। ऐसी रात में तारों को देखकर लगता है कि वे सपनों में खोए हुए हैं। | 2 |